# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२४-२०२५**

| कक्षा:-8 | विषय: हिंदी व्याकरण (अविकारी शब्द) | पाठ: अभ्यास पत्रिका:6 |
|---|---|---|

**प्रश्न १) वाक्यों में आए क्रियाविशेषण शब्दों को छाँटकर उनके भेदों के नाम भी लिखिए -**

(क) बूढ़ा धीरे-धीरे चलता है।

(ख) मेरे लिए दो चपातियाँ कम रहेंगी।

(ग) अब दुकानें सुबह खुलेंगी।

(घ) अध्यापिकाएँ वहाँ बैठी हैं।

(ङ) कटोरी में दाल बहुत डाल दी है।

(च) अस्पताल के लिए बाएँ जाइए।

(छ) अखबारवाला प्रतिदिन आता है।

(ज) कुरसी अचानक टूट गई।

(झ) चोर भागकर इस तरफ गया है।

(ञ) आज सुबह तक वर्षा होती रही।

**प्रश्न २) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संबंधबोधक शब्दों को छाँटकर लिखिए ।**

(क) सत्येंद्र के हाथ पुस्तकें भिजवा दीजिए।

(ख) आरती की अपेक्षा नम्रता कमज़ोर है।

(ग) अरविंद के यहाँ आलोक का जन्मदिन मनाया गया।

(घ) परीक्षा के पहले बहुत डर लगता है।

(ड) स्वेटर के ऊपर कोट भी पहन लो।

प्रश्न३) खाली स्थानों में उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखिए-

(क) वंदना कंप्यूटर ही नहीं सिखाती -------- नृत्य भी सिखाती है।

(ख) ------ रुपए होते -------- कमीज खरीद लेता।

(ग) मुंबई गए थे -------- गेटवे ऑफ़ इंडिया न देख सके।

(घ) कॉपियाँ निकाल लीजिए ------ शब्दार्थ लिख सकें।

प्रश्न ४) 1. निम्नलिखित वाक्यों में से विस्मयादिबोधक शब्द छाँटकर उनके भाव स्पष्ट कीजिए-

(क) अफ़सोस ! मैं उनके पास नहीं था।

(ख) वाह! तबीयत खुश हो गई।

(ग) छिः ! यहाँ कितनी मक्खियाँ भिनभिना रही हैं।

(घ) बाप रे बाप! कितना बड़ा साँप है।

(ड) धन्यवाद ! आप ने मेरी बहुत सहायता की।

(च) सावधान ! आगे अस्पताल है।

प्रश्न ५) निम्नलिखित वाक्यों में से निपात छाँटकर लिखिए -

- दूध तो पी लो बेटा !
- आप भी चलिए हमारे साथ।
- सत्रह अक्टूबर तक हमारे स्कूल में छुट्टियाँ हैं।
- विवेक कल ताज एक्सप्रेस से ही आएगा।
- दिनभर खेलने के सिवा उसका और काम ही क्या है !